दिनांक 04.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

एकीकृत आजीविका अभियान के तहत आजीविका एवं कौशल विकास मेला

भिलाईनगर/ एकीकृत आजीविका अभियान के तहत आजीविका एवं कौशल विकास मेला 05 मई 2018 को नेहरू सांस्कृतिक भवन, सेक्टर–01 भिलाई में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले वासियों को कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी एवं अवसर प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में एकीकृत आजीविका केन्द्र एवं महिला स्वशक्ति केन्द्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय जी, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्रीमती रमशीला साहू जी, महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, विशेष अतिथि श्री ताम्रध्वज साहू सांसद दुर्ग लोकसभा, श्री लाभचंद बाफना संसदीय सचिव, श्री विद्यारतन भसीन विधायक वैशाली नगर, श्री भुपेश बघेल विधायक पाटन, श्री अरुण वोरा विधायक दुर्ग, श्री राजमहंत सांवला राम डाहरे विधायक अहिवारा, श्री अवधेश चंदेल विधायक बेमेतरा, श्रीमती माया बेलचंदन अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, श्री देवेन्द्र यादव महापौर निगम भिलाई, श्रीमती चन्द्रिका चन्द्राकर महापौर दुर्ग, श्रीमती चन्द्रकांता मांडले महापौर चरोदा निगम, के करकमलों द्वारा सम्पन्न होगा। आयोजन में आजीविका योजनाओं से संबंधित विभाग सम्मिलित होंगे एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देंगे। इस उपलक्ष्य मे जिले की कौशल प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं उपस्थित रहेगीं एवं विभिन्न कौशल प्रशिक्षण विषयों की जानकारी देंगी, बैंक उपस्थित रहेगें जो शासन से जुड़ी स्वरोजगार संबंधी अवसरों की जानकारी देंगे, एवं बेरोजगार प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी होंगे।

आयोजक नगर पालिक निगम भिलाई एवं जिला प्रशासन दुर्ग जिले वासियों को अधिक से अधिक संख्या में आयोजन स्थल में पहुॅच कर अवसर का लाभ उठाने हेतु अपील किया है।

उक्त जानकारी योजना के प्रभारी अधिकारी श्री वासुदेव बैनर्जी ने दी।

जन सम्पर्क विभाग